卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 187 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦14 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## खड़े ट्रक से भिड़ी कार एक की मौत, दो गंभीर

कालाढूंगी(उद संवाददाता)।बीती रात भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी व दो गंभीर घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी में मौजूद तीनों को घायल अवस्था में गाड़ी से बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दूसरे व्यक्ति को हल्द्वानी सुशीला तिवारी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, नयागांव तिराहे पर वन विभाग की चौकी के पास लकड़ी की जड़ों से लोडेड ट्रक संख्या यूके 04 सीबी-3334 रॉयल्टी चेक कराने के लिए रोड पर खड़ा था। जहां कालाढूंगी की ओर से आ रही होंडा सिटी कार यूपी14 सीडी-0888 ट्रक के पीछे जा घुसी। जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के एयरबैग खुल कर फट गए।हादसे के बाद कार में सवार तीन लोग वाहन में बुरी तरह फस गए। सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची पुलिसने गाड़ी में मौजूद तीनों को (शेष पृष्ठ सात पर)




## डकैती का खुलासा, पांच दबोचे

### स्कूल प्रबंधक के घर पर दिनदहाड़े हुई थी लाखों की डकैती

देहरादून(उद संवाददाता)। नेहरू कॉलोनी में स्कूल मालिक के घर डकैती डालने वाले पांच बदमाशों को नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया की 11 अप्रैल को अज्ञात बदमाशों ने संदीप अग्रवाल निवासी नेहरू कॉलोनी के घर डकैती डाली थी। बदमाशों ने चाकू और तमंचे की नोक पर उनके परिवार को बंधक बनाया और सोने के गहने व नकदी लूट ली। दिनदहाड़े हुई डकैती की घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत 08 अलग-अलग टीमें गठित की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया गया तो ज्ञात हुआ कि एक एक्टिवा व एक अपाचे मोटरसाइकिल में सवार चार लोग वादी के घर के अंदर घुसे और उनके द्वारा शातिराना अंदाज में गाड़ियां दूर खड़ी कर घटना को अंजाम दिया गया, इसके अतिरिक्त एक (शेष पृष्ठ सात पर)



## सम्मोहित कर महिला से लाखों के गहने ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस अटरिया रोड़ पर पैदल घर जा रही महिला को रास्ते में दो अज्ञात व्यक्तियों ने सम्मोंहित कर उससे लाखों रूपये कीमत के गहने ठग लिए और फरार हो गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में नन्दी देवी पत्नी शिव सिंह विष्ट निवासी वार्ड 5, मुखर्जी नगर, थाना ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 12 अप्रैल को दोपहर वह अपने पति के कुमाऊनी ढाबा पुलिस लाईन के सामने अटरिया रोड से अपने घर को पैदल आ रही थी। शक्ति विहार गेट के सामने एक व्यक्ति उसे मिला जो उसे रोककर बात करने लगा। थोड़ी देर बाद एक और व्यक्ति आया और अपनी बातो में उलझा दिया तथा सम्मोहित कर उससे उसके और बहू के सारे आभूषण जिसमें 2 सोने की नथ, 3 सोने का मंगलसूत्र, 2 जोडी सोने के झुमके, 2 सोने का मांग टीका, 2 सोने की पौजी घर से मंगवा लिए। नन्दी का कहना है उसे विश्वास में लेकर वह व्यक्ति उसे जगतपुरा पुलिया अटरिया मंन्दिर की तरफ ले गया। सभी आभूषणों को वह कपड़े के थैले में रख कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।काठगोदाम थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए नशा तस्कर राजू को एक किलो से अधिक चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम, उनकी एन्टी ड्रग्स टीम एवं एसओजी द्वारा नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये गोलापर स्टेडियम के पास चौकिंग के दौरान थैला लेकर संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर वह कहने लगा थैले इसमें धूप बत्ती है। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने थैले को खोलकर तलाशी ली तो उसमे कुल 132 रॉड जो अलग- अलग पन्नी से धुप बत्तीनुमा पैक किया गया था बरामद हुई। सख्ती से पूछताछ करने पर युवक ने बताया कि लालच में आकर मुनाफे के चक्कर में उसने यह चरस सस्ते दामों में खरीद ली थी जिसे महगें दामों में बेचने जा रहा था। उसने अपना नाम पता राजू साह पुत्र स्व. गंगदेव साह निवासी ग्राम पोखरिया राय थाना चनपटिया जिला बेतिया बिहार बताया। उसके पास से कुल 1 किलो 390 ग्राम चरस बरामद की गई। जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई गई है। पुलिस टीम में फिरोज आलम प्रभारी चौकी मल्ला थाना काठगोदाम, हेका. त्रिलोक सिंह, का. अशोक रावत, चन्दर सांमत शामिल थे।



## फैक्ट्री से पार्ट्स चोरी कर ले जाते दो युवक दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री से पार्ट्स चोरी कर ले जाते दो युवको को फैक्ट्री कर्मियों ने पकडकर पुनिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार साधु सिंह कार्की पुत्र जगत सिंह कार्की निवासी ग्राम बग्गा चव्वन थाना खटीमा हाल निवासी देव होम्स बिन्दुखेडा रोड थाना रुद्रपुर हाल जनरल मैनेजर नेशनल सिक्योरिटी सर्विस आवास विकास ने दर्ज रपट में कहा है कि 13 अप्रैल को दोपहर टीवीएस श्रीचक्रा लिमिटेड कंपनी सिडकुल से (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक माह में ही उधड़ने लगी करोड़ों की लागत से बनी सड़क

### बरसात से पूर्व सड़क की गुणवत्ता की खुली पोल, जांच की मांग उठी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। लोक निर्माण विभाग द्वारा करोड़ो की लागत से बनाई गयी सड़क एक माह बाद ही दम तोड़ गई। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाकर खानापूर्ति कर बनाई गई सड़क को मरम्मत कर खामिया छिपाने का प्रयास किया गया। सड़क के कई जगह से टूटने से क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा एक माह पूर्व नानकमत्ता में गुरूद्वारा रोड पर नहर किनारें ग्राम मिल्क गेस्ट हाऊस से सितारगंज रोड नेषनल हाईवे तक 5 कि0मी0 सड़क का निर्माण 1 करोड़ अस्सी लागत की लागत से कराया था। सड़क निर्माण के एक माह बाद ही सड़क कई जगह से टूट चुकी है, जिसकी विभाग द्वारा मरम्मत कराकर खानापूर्ति कर अपनी खामियों को छिपाने का प्रयास किया गया। लेकिन आसपास में रहने वाले लोगों का आरोप है कि विभाग ने सड़क निर्माण निम्न स्तर का कार्य किया है। एक माह में ही (शेष पृष्ठ सात पर)



**कृषि भूमि बिकाऊ**

**7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है**
**Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी**
**लोकेशनः** गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशनःगूलरभोज(6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्टः पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहरः गदरपुर (4 किमी)
okLrfod [kjhnnkj
lid dj&9891277500

## भाजपा आईटी विभाग के संयोजक एवं सह संयोजकों की सूची जारी

### मोहन तिवारी बने उधम सिंहनगर के संयोजक

देहरादून(उद संवाददाता)।भाजपा ने आईटी विभाग के जिला संयोजकों एवं सह संयोजकों के नामों की सूची जारी कर दी है । पार्टी आईटी विभाग के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप कुमार की सहमति से प्रदेश आईटी सयोजक अजीत नेगी द्वारा सभी जिलों के आईटी संयोजक एवं सह सयोजकों की सूची जारी की गई है । जिनमें उधम सिंह नगर के लिए मोहन तिवारी व अंकित पाठक, उत्तरकाशी के लिए दीपक नौटियाल व हेमराज रावत,चमोली के लिए हीरा बिष्ट व सुरेंद्र पुंडीर,रुद्रप्रयाग प्रवीण नेगी व विकास नौटियाल, प्रशांत जोशी व गोपाल सिंह रावत, देहरादून ग्रामीण सुभाष रावत व हर्षवर्धन,देहरादून महानगर विपिन खंडूड़ी व सूरज चंद, ऋषिकेश रोहित भारद्वाज व चंदन जायसवाल, हरिद्वार सचिन निशित व अरुण आर्य, रुड़की सुशील रावत व नितिन शर्मा, पौड़ी मनीष ममगाई व आशीष थपलियाल, कोटद्वार रजनीश (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशेड़ी पति ने सो रही पत्नी पर ब्लेड से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशेड़ी पति ने सो रही पत्नी को जान से मारने की नीयत से गले में ब्लेड मार दिया। आंख खुलने पर पत्नी ने शोर मचाया तो पति मौके से फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आजाद नगर वार्ड नं. सात ट्रांजिट कैम्प निवासी पूजा पत्नी झिन्टू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति झिन्टू आये दिन उसके साथ मारपीट करता था। इसीलिए वह अपने तीनो बच्चों को लेकर आजाद नगर किराये के मकान में रही हैं और सिडकुल की कम्पनी में काम कर तीनों बच्चो का पालन पोषण कर रही हैं। पति उसके साथ नहीं रहता है कभी कभार वह नशा करके कमरे पर आता है और मार पीट करके पैसे लेकर चला जाता है। विगत रात्रि भी वह कमरे पर आया और लडाई झगडा करने लगा। उसके बाद वह बच्चों के साथ सो गई तो मौका पाकर पति ने गले पर तेज धार ब्लेड से हमला कर दिया। उसने किसी तरह अपनी जान बचाई । ब्लेड मारने के बाद पति झिन्टू मोटर साईकिल से फरार हो गया। जाते जाते धमकी देकर गया कि तुझे जान से मार दूगाँ। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व मंत्री पाण्डे और पासी ने सुखीजा परिवार को बंधाया ढांढस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक संवेदना का सिलसिला जारी है। परमपाल सुखीजा के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए तमाम राजनैतिक और सामाजिक हस्तियां पहुंच रही है। इसी क्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे,पूर्व सांसद बलराज पासी ने भी सुखीजा परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और श्रीमती कांता रानी सुखीजा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में सुखीजा परिवार पर आये संकट पर चिंता भी व्यक्त की। पूर्व मंत्री अरविंद पाण्डे ने कहा कि पहले तिलकराज सुखीजा उसके बाद श्याम सुंदर सुखीजा और उसके बाद उनके पिता हरनाम दास सुखीजा अचानक हमसे विदा हो गये थे। अब माता जी के निधन की सूचना मिली तो वह स्तब्ध हो गये। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह सुखीजा परिवार के साथ हैं। इस दौरान आनंद जैन,गोपी सागर, उद्योगपति अरुण अग्रवाल सहित तमाम अन्य लोगों ने भी शोक व्यक्त किया और परिजनों को सांत्वना दी। इसके साथ ही अरुण कुमार, विकास मेहता, अशोक कुमार, विजय सिंह, राकेश कुमार, शुभम कुमार ममता रानी, कमलेश, लेखराज, रितु पांडे, गोविंद राम, राजरानी, सुरेंद्र जग्गा सहित विभिन्न धार्मिक सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने घर पहुंचकर श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया।



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
7017360462

मकान बिकाऊ है
नव निर्माण निर्मित मय टाईलस एंड फर्श लगा (16 x32) का मकान देव होम बिंदुखेड़ा रूद्रपुर में बिकाऊ है।
मो-: 9917999385,9897589167

# अंबेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

काशीपुर(उद संवाददाता)। जनजीवन उत्थान समिति के तत्वाधान में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग मोहल्ला गंज स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसका मुख्य विषय डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का आधुनिक भारत था।गोष्ठी का शुभारंभ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने पुष्प अर्पण कर किया ।इस मौके पर बोलते हुए शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर का मानना था कि दलित ,जाति या धर्म से नहीं देश का हर वह नागरिक दलित है जो आर्थिक सामाजिक ,राजनीतिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा हुआ है आज हमें डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर उनके सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक विचारों को स्वीकार करना होगा और समाज में उनके द्वारा कही गई बातों को मनन कर समता ,समानता और न्याय की भावना भारत की सामाजिक संरचना में शामिल कर भारत को आगे बढ़ाना है जिस तरह भगवान बुद्ध ने करुणा की राह दिखाई थी उसी तरीके से आधुनिक भारत में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने करुणा का पाठ पढ़ाया उन्होंने कहा कि



आज हमारी राह में अन्याय अभाव और अज्ञानता बाधक बनी हुई है हमें इस अन्याय ,अभाव और अज्ञानता को दूर कर देश को विश्व गुरु बनाना है भारतवर्ष को गर्व है की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान पूरे विश्व को ज्ञान देता है। अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान के मूल तत्व देश की प्रगति के लिए अत्यंत उपयोगी रहे हैं। आज उनके द्वारा लिखित संविधान से हमारा देश विश्व गुरु बनने की तरफ अग्रसर है हमें आज महामानव डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर एडवोकेट भास्कर त्यागी ने भी विचार रखे साथ ही एडवोकेट देवांग मिश्रा ,कर्तव्य मिश्रा, सैयद आसिफ अली जहांगीर आलम, रईस अहमद, अमृतपाल सिंह, मुमताज एडवोकेट, संजीव कुमार ,राम शर्मा आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। गोष्ठी का संचालन भास्कर त्यागी एडवोकेट ने किया।

# मंडलायुक्त ने किया चौफुला से चम्बल पुल तक सड़क मार्ग का निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सीएम के निर्देशों के क्रम में मण्डलायुक्त ने चौफुला से चम्बलपुल तक सड़क की स्थिति का जायजा लेते हुए लोनिवि को तत्काल सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बताया कि लोनिवि को उनके प्राकलन के अनुसार प्राधिकरण से धनराशि जारी कर दी जायेगी जिससे यथा शीघ्र सड़क निर्माण किया जा सके। लोनिवि द्वारा 03 करोड़ 54 लाख की लागत से 1300 मीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा।जल संस्थान द्वारा चम्बलपुल से चौफुला तक लंबित पड़े 250 मीटर मार्ग में पेयजल शिफ्टिंग का कार्य संतोषजनक व मानकों के अनुरुप नहीं किये जाने पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान देखने को मिला कि विभाग द्वारा क्षेत्र में पेयजल लाइन शिफ्टिंग के बाद भरान व कूटान सही से नहीं किया गया है जिससे सड़क की स्थिति नाजुक बनी हुई है व क्षेत्रीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ



ही सड़कों में पानी से भरे हुए गड्ढे, पेयजल लाईन लीकेज, चौफुला चौराहे में सिंचाई विभाग की खुली पड़ी नहर पर नाराजगी जताते हुए आज सांय तक हरहाल में मरम्मत करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने जलसंस्थान की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी व्यक्त की व सही से पेयजल लाइनों की कुटान और भरान न होने पर सम्बन्धित अभियंता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। विदित है कि जलसंस्थान द्वारा चंबल पुल से चौफुला तक के 1300 मीटर मार्ग में 03 करोड़ की लागत से पेयजल शिफ्टिंग का कार्य किया जाना था जिसमें से 250 मीटर का कार्य अवशेष है। इसके पश्चात मण्डलायुक्त ने कठघरिया- ऊँचा पुल-कमलुवागांजा तक प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत हो रहे व्यावसायिक कार्यों का जायजा लेते हुए प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्मित व निर्माणाधीन भवनों का नक्शे के अनुरूप मिलान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नक्शों के अनुरूप भवन न पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर और समाज पर संगोष्ठी आयोजित

मालधनचौड़/रामनगर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में प्राचार्या डॉ. सुशीला सूद के निर्देशन में एंटी ड्रग सेल के तत्वधान में ष्नशा और आत्महत्या का संबध विषय पर परिचर्चा तथा संविध




ान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 'डॉ. भीमराव अंबेडकर और समाज' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी में एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. खेमकरण 'सोमन' ने डॉ. अंबेडकर की किताब ष्जाति का विनाशष का संदर्भ देते हुए कहा कि जाति ने समाज और संस्कृति को पीछे ले जाकर उन्हें दूषित करने का कार्य किया है। सदियों से चली आ रही जाति व्यवस्था या इस कुदृष्टि के कारण संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को भी अपने जीवन में भारी अपमान का शिकार होना पड़ा। ऐसे में एकतामूलक-समतामूलक समाज निर्माण में अपनी स्वस्थ भूमिका निर्वहन के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर हमेशा ही समाज के सर्वोपरि नायक हैं और भविष्य में भी रहेंगे। इसलिए बाबा साहेब जैसे विद्वानों पर केवल एक ही समुदाय का नहीं अपितु संपूर्ण समाज और देश का अधिकार होता है। आज बाबा साहेब के जीवन चरित्र से सीखकर खुद को सुंदर इंसान बनाने का समय है। यह मानसिकता ही उच्च समाज निर्माण की भूमिका तैयार करेगी। प्रो. आनंद प्रकाश ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन उपलब्धि और संविधान निर्माण की प्रक्रिया प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुशीला सूद ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा किडॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन चरित्र बड़ा ही अनुकरणीय हैं। उनके तीन मंत्र कि शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो के मार्ग पर चलकर ही देश में एकता आएगी। तभी हम सब भी उनकी ही तरह समाज के दबे, कुचले तथा गरीब लोगों के हित के लिए कुछ सक्षम कर पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर में डॉ. आनंद प्रकाश, प्रो. प्रदीप चंद्र, विशाखा, श्वेता, नेहा कुमारी, दीक्षा, नेहा, करिश्मा, संजना, मेनका, ज्योति, खुशी, संजय कुमार, अंकिता, निशा, सुहानी, आकाशदीप, समुन्दर सिंह और अमित कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# द्रोण महोत्सव में दिखेंगी भारत के लोक नृत्य, संगीत एवं वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति

देहरादून (उद संवाददाता)। मां प्रकृति फाउंडेशन एवं पंथी जन कल्याण समिति द्वारा देहरादून में 22 और 23 अप्रैल को दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए कलाकार नृत्य, संगीत, नाटक के द्वारा अपनी अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हुए प्रतिभाग करेंगे।साथ ही कवि सम्मेलन तथा मुशायरे का भी दर्शक लुफ्त उठा पायेंगे । कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की धरोहर ओडीसी, भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, बिहू एवं अन्य प्रकार के नृत्य का समावेश होगा स साथ ही विभिन्न राज्यों से आए हुए नाटकों का मंचन होगा जिसमें ओरिया, हिंदी, गढ़वाली झारखंड आदि क्षेत्रों के कलाकार सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में श्री अशोक मेहरा जी अध्यक्ष ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल एवं फिल्म( फिल्म डायरेक्टर) पैनल के हेड होंगे एवं शिव लाल सागर(एक्टर) एवं हैदराबाद के सूर्यवीर जयवर्धने होंगे। इस द्रोण महोत्सव के मंच पर भारतीय परंपरा के इस अनूठे संगम को देखने एवं इसमें प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड की जनता, विद्यालयों, कॉलेजों एवं समस्त कला संस्थान को निमंत्रित किया गया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपनी भागीदारी दिखाएं एवं कलाकारों को प्रोत्साहित करें। इस प्रतियोगिता में नृत्य एवं संगीत में सोलो, डुएट एवं ग्रुप कंपटीशन होने के साथ-साथ कला प्रतियोगिता, रंगोली, एकल एक्ट, पोयम कंपटीशन एवं फैशन शो सम्मिलित किया गया है साथ ही साथ स्पेशल ग्रुप डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जो उत्तराखंड के संस्कृति पर आधारित है एवं इस प्रतियोगिता में सभी वर्ग के आयु वाले कलाकार प्रतिभाग कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें नृत्य पुरस्कार, गुरु महाराज पुरस्कार , सूरसागर सम्मान, उत्कृष्ट कला सम्मान , द्रोणागिरी सम्मान, चित्र शिल्प सम्मान आदि मौजूद कलाकारों को दिया भी जाएगा। जो भी संस्था एवं कलाकार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहते हैं वह नीचे दिए गए फोन नंबर पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# अम्बेडकर जयंती पर मरीजों को बांटे फल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जय भीम फाउंडेशन द्वारा भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रेल की पूर्व संध्या पर सरकारी हास्पिटल सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती मरीजों को फल वितरित किया गया। इस मौके पर बाबा साहेब को याद करके उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो की चर्चा



की गई । फल वितरित करने वालो में संस्था के सदस्य संजीव कुंवर, रविन्द्र बाली आर्य, यशपाल आर्य, गणेश आर्य, पवन बिष्ट, पार्षद धर्मवीर डेविड, ईश्वरी राम, मनीष पाल, राजीव दीक्षित, अजयराज, बसन्त आर्य, नंदकिशोर आर्य, बोबी आर्य शामिल थे।

# राज्यपाल ने बैसाखी पर दी शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बैसाखी पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि बैसाखी का पर्व उमंग, उत्साह व खुशहाली का पर्व है। यह त्यौहार हमें सुख-समृद्धि और एकता का संदेश देता है। बैसाखी का त्यौहार हमारे देश की समृद्धशाली कृषि परम्परा और संस्कृति का परिचायक है। सिख पंथ के गुरु गोविंद सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना भी की थी। उनका जीवन हमें त्याग और बलिदान की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने इस पावन पर्व पर सभी प्रदेशवासियों की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की है।

# अम्बेडकर जयंती की दी शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि सामाजिक न्याय व समतामूलक समाज के प्रबल पक्षधर डा0 अम्बेडकर दलितों, गरीबों और निराश्रित वर्ग के उत्थान के लिए जीवन पर्यन्त समर्पित रहे। उन्होंने समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्ग के लाखों लोगों को आशा दी। हमें उनके जीवन दर्शन का अनुसरण करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संकल्प लेना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण के प्रयासों हेतु हम उनके सदा आभारी रहेंगे।

जय श्री बालाजी जय श्री राम जय श्री बालाजी
श्री बाला जी दरबार
स्थान-श्री अजय चौहान जी, सिंह कॉलोनी, गली नंबर 5, खालसा बेकरी के सामने वाली गली, रूद्रपुर 15 अप्रैल, दिन शनिवार रात्रि 09 बजे से
निवेदक-राजेन्द्र अग्रवाल, महन्त, श्री बाला जी मंडल रजि० ,दिनेशपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

# आंगनवाड़ी बच्चों को किया पुरस्कृत

गदरपुर(उद संवाददाता)। विश्व दस्तार दिवस एवं साहिबजादा जुझार सिंह के जन्मदिन पर नन्हे-मुन्ने बच्चों को पटके एवं धार्मिक शिक्षण सामग्री के अलावा गुरबाणी पाठ की पोथियां तथा इतिहास की पुस्तकें प्रदान की गई। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंह द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रसाद वितरण तथा गुरद्वारा माता साहिब कौर दिनेशपुर में नन्हे मुन्ने बच्चों को गुरबाणी पाठ करने का आह्वान करते हुए पटके बांटे गए। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह ,गुरदीप सिंह ,हरनाम सिंह ,परमजीत सिंह, कुलविंदर सिंह ,साहिब दीप सिंह ,हरजोत सिंह, खुशवीर सिंह, गगनदीप सिंह आदि मौजूद रहे वही जरूरतमंद आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की महिलाओं को निशुल्क गातरो एवं वस्त्रों का वितरण किया गया।



# मेले हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत:धामी

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी होम) पहुंचकर उत्तरांचल पंजाबी महासभा द्वारा आयोजित वैशाखी मेले का दीप जलाकर शुभारंभ किया।इस दौरान पंजाबी महासभा द्वारा श्री धामी को पगड़ी पहनाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को बैसाखी पर्व की 'लख-लख बधाइयां देते हुए गुरुदेव से प्रार्थना की कि यह त्योहार सभी के जीवन में नव-तरंग, नव-उमंग और नव - सृजन लेकर आए। उन्होंने स्मरण करते हुए कहा कि जैसी अनुभूति नानकमत्ता साहिब में कार सेवा के समय होती है, वैसी ही अनुभूति आज बैसाखी मेले में आप सबके बीच उपस्थित होकर हो रही है। उन्होंने कहा किअसभी लोगों विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं के द्वारा जो सम्मान दिया गया है, यह सम्मान मेरे लिए महज सम्मान नहीं, हमारी महान संस्कृति के तेज, त्याग और तपस्या का प्रसाद है, यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि प्रदेश की समस्त जनता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान को, इस गौरव को गुरु नानक देव जी के चरणों में समर्पित करता हूँ। श्री धामी ने गुरुनानक साहब जी के चरणों में नमन करते हुए नम्रतापूर्वक प्रार्थना करते हुए कहा कि मेरे भीतर का सेवाभाव दिनों दिन बढ़ता रहे और गुरुओं का आशीर्वाद ऐसे ही मुझ पर तथा मेरे प्रदेश की सवा करोड़ जनता पर बना रहे। श्री धामी ने कहा कि यह त्योहार विशेष महत्व रखता है क्योंकि इसी दिन दशम गुरु, गुरु गोविंद सिंह साहब ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि यह खुशियों का पर्व जहां एक ओर समाज के सभी लोगों में प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूती प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर देश की तरक्की में योगदान देने का संकल्प लेने की भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी सामाजिक - आर्थिक व्यवस्था में खेती-किसानी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद भी दिलाता है। उन्होंने मेले के आयोजन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को बधाई दी, जिनकी कड़ी मेहनत से मेले को आयोजित करने का प्रयोजन सफल हुआ है। श्री धामी ने कहा कि इस प्रकार के मेले हमारी लोक संस्कृति और लोक परंपराओं को बढ़ावा देने का काम करते हैं। मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण अंग हैं, ये हमारे जीवन में इन्द्रधनुषीय रंग लाते हैं और खुशियां देते हैं। श्री धामी ने अपनी बचपन की यादें ताजा करते हुए कहा कि जब मैं, छोटा था, तब मेले में जाने के लिए हमेशा आतुर रहता था क्योंकि मेलों में जहां एक ओर मुझे मेरे पसंदीदा करतब देखने को मिलते थे वहीं तरह - तरह के खिलौने भी मिल जाया करते थे। उन्होंने कहा कि सामान्य परिवार से होने के कारण मैं, अधिक खिलौने खरीद तो नहीं पाता था पर उस जमाने में तो खिलौनों को देखकर ही बहुत आनंद आ जाता था। उन्होंने कहा कि उस समय संचार और परिवहन की सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, तो इन मेलों और त्यौहारों के द्वारा ही मित्रों और सगे-संबंधियों से मुलाकात संभव हो पाती थी।उन्होंने कहा कि हम सभी ने मिलकर लोकपर्वों और मेलों को संरक्षण प्रदान करना होगा, इसके लिए हम सभी को मिलकर निरंतर प्रयास करने होंगे। श्री धामी ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने विकल्प रहित संकल्प को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि राज्य के सभी नागरिक उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सरकार का पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे। श्री धामी ने कहा कि यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा और 2025 तक हमारा राज्य देश के अग्रणीय राज्य में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार विकल्प रहित संकल्प के आधार पर कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। श्री धामी ने कहा कि खटीमा कोमी एकता का गुलदस्ता है। इस दौरान विद्यालय के राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विद्यार्थियों समृद्धि अग्रवाल,आयरा अल्वी,हर्ष, रिद्धि, काव्या, कनिष्का को सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसपी मनोज कत्याल, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, उत्तराखंड किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, रामू भाई, संतोष अग्रवाल सहित पंजाबी महासभा के पदाधिकारियों सहित जनता उपस्थित थी।







# धूमधाम से निकली शिव बारात की शोभा यात्रा

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। सुरेंद्र नगर के बाबा तारक नाथ धाम से शिव पार्वती बारात की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें शिवभक्त सन्यासिनों के साथ हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सुरेंद्र नगर के भगवान भोलेनाथ का मन्दिर बाबा तारकनाथ धाम में बाबा तारकनाथ की पांच दिवसीय पूजा महोत्सव चल रहा है। जिसमें भगवान शिव से जुड़े विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को मंदिर से शिव पार्वती की भव्य झांकी सजाकर बैंड बाजों के साथ शिव बारात की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भूत प्रेत के वेशभूषा में सजे शिव भक्त भगवान शिव के बाराती बन कर नाचते गाते चल रहे थे। शिव बारात में अन्य देवी देवताओं की झांकियां सजाई गई । शिव बारात बाबा तारक नाथ धाम से सुरेंद्रनगर, शक्ति फार्म बाजार, सुभाष चौक टैगोर नगर होते हुए वापस मंदिर पहुंची । मंदिर में पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लीलावतीर विवाह के नाम से शिव पार्वती की विवाह अनुष्ठान का आयोजन किया गया । इधर रात्रि अनुष्ठान में बतौर मुख्य





अतिथि पहुँचे, शीतल सिंघल व महेश मित्तल और विशिष्ट अतिथि व्यापार मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल,महामंत्री शुभम गर्ग, कोषाध्यक्ष विक्की मण्डल, सभासद विक्रम भण्डारी, छात्र नेता अंकित दास का बाबा तारक नाथ धाम पूजा कमेटी ने माला, अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया ।अतिथिओ ने एक स्वर में पूजा कमेटी के कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया और हर कार्य में सदैव तत्पर रहने का वादा किया । इस मौके पर पूजा कमेटी अध्यक्ष सुमित मण्डल, उपाध्यक्ष अमित रॉय,सचिव सुशांत रॉय,उपसचिव विधान शील,मुख्य कोषाध्यक्ष अनंत हालदार,आय कोषाध्यक्ष राजू मीरवर,आय कोषाध्यक्ष आशीष हालदार,आय कोषाध्यक्ष तापस मण्डल,व्याय कोषाध्यक्ष जगदीश मण्डल,,व्याय कोषाध्यक्ष राजू हालदार, व्याय कोषाध्यक्ष अशोक पल्ले, परिचालक मिथुन मण्डल,उप परिचालक विक्की बैरागी,प्लाटिंग कार्यकर्ता विजय सिकदार,सुकुमार विश्वास,ऑडिटर सपन हालदार, संरक्षक राजा हालदार,सुनील बिश्वास, दीपक बढ़ाल व कोर कमेटी मे संतोष राय, सचिंद्र नाथ हालदार,निर्मल मिस्त्री, रंजीत हालदार, उत्तम शील,गिरिधारी मल्लिक,जयदेव हालदार,गोपाल सरकार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शम्भू साना ,देवाशीष पोद्दार आदि शामिल थे।







# राबाइंका की प्रधानाचार्य को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य माया चनयाना के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष में उन्हें भावभीनी विदाई देने के साथ स्टाफ द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित किए गए विदाई सम्मान समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नवनियुक्त प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. किरण बाला पांडे ने प्रधानाचार्य माया चनयाना द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए शिक्षा के उत्थान हेतु कार्यक्रम का जिक्र करते हुए सभी स्टाफ एवं छात्राओं को उनके दर्शाए गए शिक्षा संबंधी मार्गो पर चलने का आह्वान किया। इससे पूर्व प्रधानाचार्य माया चनयाना, प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. किरण बाला पांडे,संजीव पांडे, नितेश शर्मा, डी एस रौतेला, सोम प्रकाश जी तथा मयंक द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया गया। तत्पश्चात स्वागत गीत मानसी, कल्पना,महक अरोरा तथा आरती द्वारा तथा विदाई समारोह गीत राधा एवं नीतू द्वारा कलात्मक ढंग से प्रदर्शित करते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय हो प्रधानाचार्य माया चनयाना 1986 से राजकीय सेवा में सहायक अध्यापिका के रूप में सेवारत रही तत्पश्चात उन्होंने बेतालघाट, चौखुटिया,पंतनगर, गदरपुर, काशीपुर, रुद्रपुर के पश्चात 2014 में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में प्रधानाचार्य पद पर सुशोभित होते हुए अपनी सेवाएं प्रदान की , 31 मार्च 2023 को सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई स उनके द्वारा गदरपुर के कार्यकाल में समय -समय पर जूडो, कराटे, खेलकूद ,स्वास्थ्य परीक्षण ,सिलाई सेंटर ,स्वच्छता अभियान के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए छात्राओं को तैयार करके उनका मार्गदर्शन किया उनके द्वारा समय-समय पर खंड शिक्षा अधिकारी अथवा अन्य शिक्षा अधिकारियों की गैरमौजूदगी में प्रभारी ग्रुप में सेवाएं प्रदान की गई, उनके सेवानिवृत्ति पर सभी स्टाफ द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई स प्रधानाचार्य माया चनयाना द्वारा अपने संबोधन में अपने कार्यकाल के दौरान सभी स्टाफ एवं बच्चों द्वारा दिए गए सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद किया गया। इस मौके पर अध्यापिका माया भोज, नंदिनी शर्मा, कुसुम लता,दीप्ति वर्मा,नीरजा वर्मा, मिनती रानी विश्वास ,उर्वशी गंगवार, तारा जोशी,निशा टम्टा,ललिता विष्ट, नीमा गुरौ,सपना रानी,वंदना रानी, विनीता चौधरी,दीपा रानी,प्रियंका, गुड़िया, कमलेश, रेखा रानी,ज्योति, सुरभि,मो.रोजा दीन अली,अभिभावक संघ की अध्यक्ष सायरा बानो, असलम, मयंक राकेश कुमार, पत्रकार शाह नूर अली,देवेंद्र सिंह,राजकुमार चावला, भोजन माता देवमुनि, फूलमती, नीतू, संगीता एवं कमलावती सहित छात्राएं मौजूद रही।





# विकास शर्मा ने सीएम से की व्यापारियों के पुनर्वास की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने खटीमा लोहिया हेड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर रूद्रपुर की कई समस्याएं उठाई। उन्होंने मुख्यमंत्री से हाल ही में राम मनोहर लोहिया मार्केट और समोसा मार्केट से उजाड़ गये व्यापारियों और खोखा फड़ व्यापारियों को पुनर्वासित करने की मांग की। श्री शर्मा ने कहा उजाडे गये सैकड़ों व्यापारियों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इसके साथ ही विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री से रूद्रपुर शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए मल्टी स्टोरी पार्किंग की स्थापना करने, बरसात में होने वाले जलभराव से निजात दिलाने के लिए सीवरेज की व्यवस्था करने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में जलभराव के कारण रूद्रपुर में लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। वह स्थिति दुबारा उत्पन्न न हो इसके लिए रूद्रपुर शहर और बस्तियों में जल निकासी के पुख्ता प्रबंध करना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने विकास शर्मा को समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उजाड़े गये व्यापारियों का पुनर्वास प्राथमिकता से किया जायेगा। इसके लिए प्रशासन को दिशा निर्देश दिये गये हैं। जल्द ही स्थान चिन्हित होने के बाद व्यापारियों के लिए नई मार्केट स्थापित की जायेगी।















# छात्राओं को प्रदान की स्कूली ड्रेस और नेम प्लेट

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना विभाग गदरपुर के द्वारा हंस फाउंडेशन तथा गायत्री परिवार के सहयोग से घर की पहचान लड़ली तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत सकैनिया रोड स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 100 बालिकाओं के नाम की घर पर लगाने के लिए नेम प्लेट, 25 महिलाओं की गौद भराई एवं 25 बच्चों एवं उनकी माताओं को अन्नप्राशन तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की 50 बालिकाओं को गणवेश प्रदान किया गया। गुरुवार सकैनिया रोड स्थित एक बारात घर में जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भण्डारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक अरविन्द पांडेय एवं पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम मैं 100 से अधिक बालिकाओं को सम्मान देते हुए उनकी नेम प्लेट दी गयी। वही गायत्री परिवार द्वारा हवन यज्ञ एवं पूजा अर्चना के साथ 25 महिलाओं की गौद भराई करवायी गयी। कार्यक्रम में 25 बच्चों को अन्न प्राशन भी किया गया। इसके अतिरिक्त राजकीय बालिका इंटर कालेज की आर्थिक रुप से कमजोर 50 बालिकाओं को स्कूल गणवेश प्रदान की गयी। इस दौरान विधायक अरविन्द पांडेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं को सम्मान दिया जा रहा है। इसी के तहत जगह-जगह पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिससे महिलाओं को इनका लाभ मिल सके। परियोजना विभाग के कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारी भी उपलब्ध करवायी गयी। इस मौके पर सुपरवाइजर नीमा बिष्ट, राजकुमारी, मनीशा आर्य, दसों राणा,दीपा उप्रेती, शफीकन खान, सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां नेहा तिवारी,बिमला तिवारी, सुनीता कोचर,सुमन रानी,रेखा, पार्वती, बलविन्दर,परमजीत कौर, गीता पपोला, हरभजन कौर, मनप्रीत कौर, मोनिका ,आसमा, शहनाज,रमा पासवान, खुशबू,आनन्दी, लक्ष्मी, संगीता, गीता, शिवानी, हीना, भगवती, अनिता रावत, बीना मेहरा, नंदा,सुमन मिड्डा, राजकुमारी ,मनीशा,प्रेमलता मौर्य संगीता,गीता सक्सेना,शिवानी, शबनम, भगवती, अनीता रावत, संतोष,नीमा जोशी,कांता कुकरेती ,शांति, शबनम,शहनाज, शाहिदा,विमला रानी, सोहनी शर्मा,मधुबाला,बबीता,नीलम, चंद्रा,बलजीत कौर,भूपेंद्र कौर, गुरजीत कौर,अनीता रानी, सरोज अरोरा, शहनाज, कविता, पार्वती, नीतू, आश्मीन,आरती अरोरा, शारदा देवी, मुक्ता पांडे,प्रेमलता मौर्य, शिवानी, खुशबू,कुलविंदर कौर, आयशा, शहनाज,भारती, सुमन मदान, बीना सहित गर्भवती/धात्री महिलाएं तथा स्कूली छात्राएं मौजूद रही।





# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मेट्रोसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तथा सर्वजन कल्याण केंद्र द्वारा आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक शिव अरोड़ा द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में डा. मनदीप सिंह व उनकी टीम द्वारा सैकड़ों मरीजों को उपचार दिया गया। शिविर में डॉक्टर मनदीप सिंह व यू की टीम द्वारा सैकड़ों मरीजों को उपचार दिया गया। शिविर में डाक्टर परामर्श द्वारा ब्लड प्रेशर , शुगर की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां बांटी गई। कैंप को सफल बनाने में सर्वजन कल्याण केंद्र की तरफ से ओमवीर, आनंद बंसल सहित मेट्रोसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की तरफ से डा. मनदीप सिंह,डा. फैजान मलिक, जनरल मैनेजर आशीष थापा दीपक, नीरज, नीलम, सीनियर एचओडी अजय देवल व प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की टीम का योगदान रहा।



# अंबेडकर जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा

## बाबा साहेब का पिछड़े समाज को मुख्य धारा से जोड़ने में अहम योगदान: आर्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में गत दिवस डा. भीमराव अंबेडकर युवा मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बाबा साहब योगदान शोषित,वंचित और दलितों को मुख्यधारा में जोड़ने अनुकरणीय योगदान रहा है। उनका जीवन बहुत ही संघर्षो से भरा हुआ रहा और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने हमेशा सभी एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि जो व्यक्ति बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का सम्मान नहीं कर सकता उसे भारत में रहने का कोई हक नहीं है। संबोधन के बाद विभिन्न झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई अंबेडकर की प्रतिमा पर संपन्न हुई जहां सभी ने बाबा साहब को माल्यार्पण कर नमन किया ।विधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।शोभा यात्रा के स्वागत के लिए जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा भी की। घास मंडी वार्ड नंबर 36 में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कार्यक्रम संयोजक दीपक सागर और पार्षद रनजीत सागर सहित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा और तमाम भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पगड़ी,शॉल ओढ़ाकर व तलवार भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में आयोजक डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा मंच के साथ राष्ट्रीय योगी सेना, विश्व हिंदू परिषद, गौ रक्षा दल, भीम आर्मी, अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज, अखिल भारतीय कोली समाज और वंदे मातरम ग्रुप ने सहयोग दिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दीपक सागर और पार्षद रंजीत सागर बम मंच संचालन शैलेंद्र कोली ने किया।इस मौके पर मुकेश राजोरिया, बंटी राजोरिया, ज्ञान चंद, सुरेश भारती, धरमवीर सिंह, गोपाल भारती, राजीव सागर, अशोक यादव, हिम्मतराम कोली, पूर्व अधिशासी अधिकारी नत्थू लाल कोली, संजीव गुप्ता, कमलदीप सोनकर, मनोज गुप्ता, संजय आर्य, महेंद्र आर्य, मनोज आर्य, कमल राणा, कृष्णा कोली, डॉ त्रिलोक कोली, देवेंद्र सागर, ममता रानी, शीला देवी, त्रिवेणी देवी, सुनीता देवी, आकाश सागर, धर्मवीर सिंह, अरविन्द सागर, आशीष सागर, डोरीलाल सागर, अरूण सागर, अरूण सागर, जयकिशन सागर, परमजीत सागर, जयपाल सागर, राहुल सागर, ऋषभ गुप्ता,विनोद, अमित कक्कड़, बाबूराम रस्तोगी, मनोज रस्तोगी, हरिओम सागर,सेवाराम सागर, अनिल सागर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।





# महानगर कांग्रेस ने धूमधाम से मनाई अम्बेडकर जयंती

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस की ओर से भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। अम्बेडकर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए कांग्रेस नेत्री ममता रानी और प्रीति साना से मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने ना सिर्फ देश के संविधान को बनाया बल्कि समरसता के उस भाव को भी आगे बढ़ाया है, जो भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। अंबेडकर ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने देश की अखंडता एवं एकता के लिए सतत प्रयास किया, उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें से सभी वर्गों को समानता का भाव मिले। बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक समरसता को बढ़ाने और भेदभाव की खाई पाटने के लिए देश को सशक्त संविधान दिया। अंबेडकर जी को भारतीय संविधान का शिल्पकार भी कहा जाता है। जिसके आधार पर आज भारत देश की प्रशासनिक व्यवस्था चल रही है जिसमे सभी प्रकार से सभी वर्गो को समान अवसर दिए गए है। डा. आंबेडकर ने सभी वर्गों के लिए बेहतर कार्य किया। सच्चे अर्थों में देश के हर वर्ग के लिए आंबेडकर प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने समाज और देश को संगठित करने और संघर्ष करने का नारा दिया था।डा. भीमराव आंबेडकर का सपना था कि समाज में हर व्यक्ति शिक्षित हो। शिक्षित समाज से ही देश व प्रदेश का विकास संभव है। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि हमें डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर उनके सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक विचारों को स्वीकार करना होगा और समाज में उनके द्वारा कही गई बातों को मनन कर समता ,समानता और न्याय की भावना भारत की सामाजिक संरचना में शामिल कर भारत को आगे बढ़ाना है जिस तरह भगवान बुद्ध ने करुणा की राह दिखाई थी उसी तरीके से आधुनिक भारत में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने करुणा का पाठ पढ़ाया उन्होंने कहा कि आज हमारी राह में अन्याय अभाव और अज्ञानता बाधक बनी हुई है हमें इस अन्याय ,अभाव और अज्ञानता को दूर कर देश को विश्व गुरु बनाना है भारतवर्ष को गर्व है की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान पूरे विश्व को ज्ञान देता है। इस अवसर पर पार्षद मोहन खेड़ा, सौरभ चिलाना, सतीश कुमार, प्रीति साना, सुनील आर्य, बाबू विश्वकर्मा, फरीद मंसूरी, अबरार अहमद, अर्जुन विश्वास, विजेन्द्र कुमार, विरेन्द्र कुमार, सपना गिल, उमा सरकार, राजेश कुमार, अमन कुमार, जयदीप, कुंवरपाल कोली, विधान सरकार, रमेश कुमार आदि समेत तमाम कार्यकर्ता थे।



# चौपाल लगाकर गिनाई भाजपा सरकार की विफलताएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के अंतर्गत 66 विधानसभा रुद्रपुर क्षेत्र अंतर्गत नैनीताल रोड स्थित टांडा रेंज में चौपाल लगाकर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे जन विरोधी कार्यो बेतहाशा बढ़ती महंगाई और राजनीति से प्रेरित होकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता और सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने जैसे घृणित कार्यों की निंदा की गई और लोगो से भाजपा सरकार को केंद्र से उखाड़ फेंकने की अपील की। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर दर्जनों लोगों ने पार्षद राजेश कुमार के नेतृत्व में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी आदि का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया ।बाद में 66 विधानसभा रुद्रपुर क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाके टांडा रेंज के दर्जनों लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। यहां वक्ताओं ने कहा कि भाजपा गुंडागर्दी के बलबूते देश में दहशत का माहौल बना रही है जिससे लोगों में डर की भावना पैदा हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि वह भाजपा सरकार के खिलाफ आगे आए और उसका डटकर मुकाबला करें। इस अवसर पर भोला, कमला, त्रिवेंद्र सिंह, देवकी, मुन्नी, विमला, पार्वती, गौरी, सूर्यकांत, मंगत राम, काशीराम, कमलेश, सरोज, मालती सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



# लोकतंत्र बचाने की मुहिम जारी रखेगी कांग्रेस: सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जय भारत सत्याग्रह चौपाल कार्यक्रम के तहत महानगर के वार्ड 17 हीरानगर और वार्ड 50 आदर्श नगर, मुखानी में चौपाल का आयोजन किया गया। पूर्व पार्षद व महिला कांग्रेस की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा बिष्ट के नेतृत्व में हीरानगर क्षेत्र अंतर्गत योगा पार्क में चौपाल कार्यक्रम किया गया। जिसमें उपस्थित सभी लोगो ने एक स्वर से राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द करने को भाजपा सरकार की तानाशाही छवि करार दिया। कार्यक्रम में शामिल मातृ शक्ति ने बढ़ते गैस सिलेंडर के दामों, अंकिता भंडारी हत्याकांड सहित अवैध शराब तथा स्मैक/ नशे के बढ़ते अवैध कारोबार पर रोष व्यक्त किया गया। वार्ड 50 आदर्श नगर मे आयोजित चौपाल कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक सुमित हृदयेश ने राहुल गांधी की लोकतंत्र को बचाने की इस मुहिम का हिस्सा बनने का आह्वान किया। सुमित हृदयेश ने कहा कि हम सभी को पूरी ईमानदारी और जागरूकता के साथ लोकतंत्र को बचाने की इस मुहिम को आगे बढ़ाना है तथा देश में व्याप्त महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़नी है। कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, वरिष्ठ कांग्रेसी एनबी गुणवत, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नीमा भट्ट , बिमला संगुड़ी, मधु सांगुडी, पार्षद विनोद दानी, संजय जोशी, त्रिलोक बनोली, कौशलेंद्र भट्ट , नेत्र बल्लभ जोशी, विनय भट्ट , हेमा पंत, मुनी आर्य, बसन्ती आर्य, देवकी त्यागी, सुशीला पंत, जया पाठक, राधा चौधरी, सौरभ भट्ट आदि लोग मौजूद रहे।



# बाबा साहब के प्रयासों से लोगों के जीवन में आया बदलाव: मेयर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने डॉ बी आर अंबेडकर जन सेवा एवं शिक्षण विकास समिति के सदस्यों तथा नगर निगम रुद्रपुर के पार्षदों के साथ मेन बाजार सहित नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत खेड़ा, आदर्श कालोनी एवं सुभाष कालोनी स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इससे पूर्व बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण और धूप बंदना भी की गयी। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि बाबासाहेब ने तीन मंत्र दिए थे शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो। आज हमें इस विचारधारा पर चलना होगा तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। बाबा साहब ने ने अपने बुद्धिमत्ता से देश में सबसे बड़ा बदलाव लाने का काम किया। उनके द्वारा बनाये गये संविधान से करोड़ों लोगों के जीवन में जो परिवर्तन आया है। बाबा साहेब की बदौलत ही आज नागरिकों को उनके अधिकार मिले हैं। वंचितों को आगे बढ़ने का मौका मिला है। हम सब को आज बाबा साहब अंबेडकर के बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। अंबेडकर जी के विचारों पर चलने वाला एकमात्र राजनीतिक दल भाजपा ही है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकारों ने बाबा साहब की स्मृतियों से जुड़े स्थानों को सहेजकर पंचतीर्थ का निर्माण किया है। वास्तव में पंचतीर्थ का निर्माण ही महामानव को सच्ची श्रृद्धांजलि है। इस अवसर पर रामस्वरूप भारती, छोटेलाल,अयोध्या प्रसाद, आजाद, डीपी सिंह,नरेश सागर,बृजपाल सिंह, कांता प्रसाद सागर,केवल कृष्ण भारती,पार्षद विधान राय, निमित्त शर्मा, प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान, अंबर सिंह, बबलू सागर, विनय विश्वास, शैलेंद्र रावत, जितेंद्र यादव, भुवन गुप्ता,विनय विश्वास सुनील कुमार बाबा, पिंटू कुमार सुरेंद्र कुमार दीपक सागर, संदीप सागर,अरुण कोली आदि लोग मौजूद रहे ।

